दिनांक–**23.05.2024**

समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंजाब में जनसभा को करेंगे सम्बोधित।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उत्तर प्रदेशए झारखण्ड में करेंगे प्रचार।**
- **किसानो को कृषी यंत्र के लिए दिया जा रहा प्रोत्साहन।**
- **प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मीए आज कई जिलो में तीव्र लू चलने की चेतावनी।**

**प्रधानमंत्री-पंजाब दौरा**

**प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज पंजाब में पटियाला में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पोलो ग्राउंड में निर्धारित इस रैली के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पटियाला से भाजपा प्रत्याशी प्रणीत कौर ने कहा है कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर स्थानीय लोगों में बहुत अधिक उत्साह है।**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पीसीसी चीफ**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बिहार के गया, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और झारखंड के देवघर में स्थानीय कार्यक्रम, जनसभा, रोड शो और बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वहीं, मध्य प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल पंजाब के रुहोशियारपुर से कांग्रेस उम्मीदवार यामिनी गोमर के समर्थन में मतदाताओं के साथ संवाद किया।**

**किसान प्रोत्साहन**

**राज्य के किसानों को नई तकनीक के कृषि यंत्रों और सिंचाई उपकरणों पर शासन द्वारा अनुदान दिया जाता है। इसके लिए आवेदन ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। यह जानकारी डिंडौरी कलेक्टर विकास मिश्रा ने**

बैठक में कृषि अधिकारियों ने दी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कल आयोजित बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि ग्राम स्तर पर कृषि यंत्रों की उपलब्धता बढ़ाने एवं नवीन तकनीक के कृषि यंत्रों के प्रोत्साहन हेतु निजी कस्टम हायरिंग स्थापित करने हेतु 40 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये का भुगतान दिया जाता है। फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्र जीरो टिल सीड ड्रिल, स्ट्रॉ रीपर, स्वचलित राईस ट्रान्सप्लान्टर, आदि कृषि यंत्र खरीदने पर किसानों को अनुदान दिया जाता है।

कीटनाशक कालाबाजारी

सतना कलेक्टर ने जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त और उचित मूल्य पर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठित किया है। यह निरीक्षण दल उर्वरक, बीज एवं दवाओं की कालाबाजारी और जमाखोरी को नियंत्रित करने जिले की सहकारी एवं निजी आदान विक्रेताओं के विक्रय और भंडारण प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण दल यह सुनिश्चित करेगा कि डीएपी एवं यूरिया उर्वरक के साथ उर्वरक कंपनी के अन्य उत्पादों की टैगिंग उर्वरक विक्रेताओं नहीं की जाए। अनियमितता पाये जाने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

चीता पुनर्स्थापना

बुधवार को केन्या के एक दल ने कल मंदसौर में गांधीसागर अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापना योजना अन्तर्गत बनाए गए बाड़े का निरीक्षण किया। केन्या से आए 6 सदस्यीय दल को वन विभाग के अधिकारियां ने चीता पुनर्स्थापना के लिए की गई तैयारियों और श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजेक्ट के एक साल का ब्यौरा दिया। दल ने यहां चीता प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए बाड़े का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि कि चीता पुनर्स्थापन योजना के अंतर्गत  केंद्र सरकार ने दक्षिण अफ्रीका व नामीबिया के साथ पहले ही अनुबंधन पर हस्ताक्षर कर लिया है।

सिंहस्थ महाकुंभ

उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। संभागायुक्त संजय गुप्ता ने कल सिंहस्थ की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा

की। इस दौरान अधिकारियों ने चारों दिशाओं से विभिन्न मार्गों से नगर में आने वाले यातायात के दृष्टिगत सड़कों के उन्नयन, चौड़ीकरण, ब्रिज, पार्किंग आदि कार्यों की समीक्षा की और सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आसानी से आवागमन हो सके, इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए।

## परिवार खुशियां

श्योपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिवारों में खुषियां बिखेरने का कार्य कर रहा है। प्राधिकरण द्वारा जेल में बंद शिशुपाल आदिवासी को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराकर जमानत दिलाई गई है। जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा ने बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्त के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। ग्राम ढेगदा निवासी शिशुपाल आदिवासी को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध उपलब्ध कराकर हई कोर्ट द्वारा जमानत प्रदान की गई।

## मौसम अपडेट

मध्य प्रदेश में कहीं धूप, कहीं छांव का माहौल बना हुआ है। वहीं, भीषण गर्मी भी अपना असर दिखाने लगी है। कल रतलाम में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। भोपाल में 43.9, इंदौर में 43.4, ग्वालियर में 43.7, उज्जैन में 43.8 और जबलपुर में पारा 42 डिग्री पहुंच गया। शिवपुरी, सागर, नौगांव, दतिया, गुना, खजुराहो, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, दमोह और धार में भी तापमान 44 डिग्री या इससे अधिक दर्ज हुआ। उधर, भोपाल, सिहोर, डिंडौर सहित कई जिलों में बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने आज दतिया, भिंड, मुरैना, निवाड़ी जिलों में तीव्र लू चलने की चेतावनी जारी की है। धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, सतना, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, मैहर, राजगढ़, ग्वालियर और श्योपुर कला जिले में भी लू चलने की संभावना है। वहीं, आज कुछ जिलों में बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है, जहां बारिश हो सकती है उन जिलों में बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा, विदिशा, रायसेन, सीहोर, देवास, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिले शामिल हैं।

लू से बचाव

लू ( हीट वेव ) से बचने के उपायों को लेकर कल एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यषाला में पत्र सूचना कार्यालय भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लू से बचाव के लिए सभी विभागों को एडवाइजरी की है। लू से बचाव के लिए नियमित रूप से पानी पीते रहना चाहिये, हल्का भोजन करना चाहिए। यूनिसेफ के संचार विशेषज्ञ अनिल गुलाटी ने कहा कि यूनिसेफ द्वारा बच्चों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं के लिए लू से बचाव और उपचार के लिए विशेष प्रयास किये गए हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में यूनिसेफ द्वारा विशेष पोस्टर जारी किये गए हैं। जिसमें बच्चे, और महिलाएं भीषण गर्मी में सावधानियां बरत सकते है और उनके परिजन लू से बचाव और उपचार के लिए जरूरी प्रयास कर सकते हैं। यह कार्यषाला आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल द्वारा अन्तर एजेंसी ग्रुप, यूनिसेफ और विभिन्न स्टेकहोल्डर के द्वारा आयोजित की गई थी।

भारतीय महिला हॉकी-यूरोप

एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में भारतीय महिला हॉकी टीम को कल यूरोपीय चरण के उसके पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हरा दिया। शुरुआती क्वार्टर में भारत ने टीम हावी रही, लेकिन बाद में अर्जेंटीना ने हमला तेज किया और मैच जीत लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला कल बेल्जियम से होगा।

पूलध्पूजापीवर्धनध्दीपकध्रत्नेशध्आमिरध्55ध्05

रात्रि आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मैच में रॉयल चौलेंजर्स की हार हुई। कल रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने 4 विकेट से जीत हासिल की। इस मैच की विजेता राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला शुक्रवार को क्वालीफायर दो में सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

संक्षिप्त समाचार

मिलावट पर अंकुष लगाने के लिए आगर मालवा में खाद्य विभाग ने कल तीन दुकानों से जांच के लिए पाँच नमूने एकत्रित किये हैं। इन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगषाल भेजा गया है।

रायसेन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फायर सेफ्टी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यषाला में आग लगने के कारण, बचाव, सुरक्षा उपायों तथा अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ ने कल अतिवर्षा, बाढ़ आपदा की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह कल टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम सावरवानी के होम स्टे का निरीक्षण किया। - अषोकनगर जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने में रुचि नहीं लेने वाले पंचायत सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों का 07 दिवस का वेतन राजसात करने के आदेश को जारी किये गए हैं। केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में कल बंदियों की जांच और उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

खरगोन में आपदा प्रबंधन समिति की बैठक कल आयोजित की गई। बैठक में श्रीमती अपर कलेक्टर राठौड़ ने आने वाले बारिश के मौसम में की जाने वाली तैयारियों के संबंध में समीक्षा की।

धार जिले में तेंदुए के हमले में घायल हुए चार लोगों को ढाई-ढाई हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिरः-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंजाब में जनसभा को करेंगे सम्बोधित।
- मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव उत्तर प्रदेशए झारखण्ड में करेंगे प्रचार।
- किसानो को कृषी यंत्र के लिए दिया जा रहा प्रोत्साहन ।

- प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मीए आज कई जिलो में तीव्र लू चलने की चेतावनी।

.......................................................................

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

किसान प्रोत्साहन

राज्य के किसानों को नई तकनीक के कृषि यंत्रों और सिंचाई उपकरणों पर शासन द्वारा अनुदान दिया जाता है। इसके लिए आवेदन ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। यह जानकारी डिंडौरी कलेक्टर विकास मिश्रा ने बैठक में कृषि अधिकारियों ने दी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कल आयोजित बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि ग्राम स्तर पर कृषि यंत्रों की उपलब्धता बढ़ाने एवं नवीन तकनीक के कृषि यंत्रों के प्रोत्साहन हेतु निजी कस्टम हायरिंग स्थापित करने हेतु 40 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये का भुगतान दिया जाता है। फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्र जीरो टिल सीड ड्रिल, स्ट्रॉ रीपर, स्वचलित राईस ट्रान्सप्लान्टर, आदि कृषि यंत्र खरीदने पर किसानों को अनुदान दिया जाता है।

कीटनाशक कालाबाजारी

सतना कलेक्टर ने जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त और उचित मूल्य पर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाएं सुगमता से उपल्ब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठित किया है। यह निरीक्षण दल उर्वरक, बीज एवं दवाओं की कालाबाजारी और जमाखोरी को नियंत्रित करने जिले की सहकारी एवं निजी आदान विक्रेताओं के विक्रय और भंडारण प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण दल यह सुनिश्चित करेगा कि डीएपी एवं यूरिया उर्वरक के साथ उर्वरक कंपनी के अन्य उत्पादों की टैगिंग उर्वरक विक्रेताओं नहीं की जाए। अनियमितता पाये जाने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

चीता पुनर्स्थापना

बुधवार को केन्या के एक दल ने कल मंदसौर में गांधीसागर अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापना योजना अन्तर्गत बनाए गए बाड़े का निरीक्षण किया। केन्या से आए

**6 सदस्यीय दल को वन विभाग के अधिकारियां ने चीता पुनर्स्थापना के लिए की गई तैयारियों और श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजेक्ट के एक साल का ब्यौरा दिया। दल ने यहां चीता प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए बाड़े का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि कि चीता पुनर्स्थापन योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार ने दक्षिण अफ्रीका व नामीबिया के साथ पहले ही अनुबंधन पर हस्ताक्षर कर लिया है।**

**सिंहस्थ महाकुंभ**

**उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। संभागायुक्त संजय गुप्ता ने कल सिंहस्थ की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने चारों दिशाओं से विभिन्न मार्गों से नगर में आने वाले यातायात के दृष्टिगत सड़कों के उन्नयन, चौड़ीकरण, ब्रिज, पार्किंग आदि कार्यों की समीक्षा की और सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आसानी से आवागमन हो सके, इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए।**

**परिवार खुशियां**

**श्योपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिवारों में खुषियां बिखेरने का कार्य कर रहा है। प्राधिकरण द्वारा जेल में बंद शिशुपाल आदिवासी को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराकर जमानत दिलाई गई है। जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा ने बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्त के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। ग्राम ढेगदा निवासी शिशुपाल आदिवासी को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध उपलब्ध कराकर हई कोर्ट द्वारा जमानत प्रदान की गई।**

-------------------------------